अनन्तश्रीसाकेताधीशदाम्पत्यपादपद्माभ्यांनमः ।

अथ परेशसम्बन्धाभरण ।

दो०-बंदौंश्रीसतगुरुसुखद, बचन प्रभाकर रूप ।
लहैंजीव जिनकेउदय, निज अव्यक्तस्वरूप १
श्रीगुरुचरणसरोज निज, हृदय सुप्रेमतड़ाग ।
तामें सेवे सविधि नित, पावे त्रिविधि पराग २

(अथ त्रिविधि सेव्य स्वरूप सेवा)

दो०-सेव्यस्वरूप अनूपनिज, सेवा सरस सुदेश ।
एते त्रिधा प्रसिद्ध पर, सतचित आनँद शेश ३
अव्यक्तात्म सुप्रतिनिधी, संस्कार सम्बन्ध ।
पावै जीव प्रयत्न करि, सदगुरु मिलनप्रबन्ध ४
निज सुख तजि सेवै सदा, सदगुरुचरण सुदेश ।
तब पावे आनंद निधि, दंपति महल प्रवेश ५
गुरु सेये सतगुरु मिलैं, सतगुरु सेये लाल ।
लालमिले विलसत हियो, सखा सुकौशलपाल ६

इति बन्दना ।

अथोद्देश्यपुनः ।

दो०-नामरूप लीला गुणरु, धामब्रह्मश्रुतिशीश ।
सो तारक बर मंत्र युग, बीज जपत गौरीश ७

श्री साकेताधीश प्रभु, दम्पति सुन्दरश्याम ।
नाम सुधारस सुखदश्री, सीताराम ललाम ८

अथ बिधेय ।

दो०—नामरूपबिनुबस्तुनहिं, सदसद्उभयप्रकार ।
मर्म विपश्चित जानिहैं, जिनके बिमलबिचार ९
नामरूप जगजीवकों, जीव करावत लक्ष ।
नामरूप बिनु होत नहिं, जीवहिं जीवप्रत्यक्ष १०
जीवरूप युग जानिये, नित्यानित्य विशेष ।
संसृति मान अनित्यहै सुखमय नित्य अशेष ११
ईश रूप नहिं द्विधाविधि, एक अनूप अभेद ।
नित्य सच्चिदानन्दघन, जाको गावत वेद १२
प्रथम ईश अरु जीव दोउ, रहे एकही सङ्ग ।
भये अगोचर जीवको, ईश प्रपञ्च प्रसङ्ग १३

अथ श्रीसीतापतिबचनप्रति ।

दो०—प्रथमईशमहराजने, जीवहिंअतिप्रियजान ।
भेज्यो साधन देशनिज, देइ प्रबुद्धि महान १४
जाइ जीव कीजिय सबिधि, साधनममसुखलागि ।
करिदृढ़प्रीतिप्रतीतिप्रण, सतगुरुपदअनुरागि १५
सतगुरुसे सम्बन्धलहि, द्रुत आओ ममपास ।

देहौं नित्य निकेत सुख, निज समीप बरबास १६
करि प्रणाम आयो तुरत, जीव सुसाधनभूमि ।
नर शरीर नाते असत, तिनमें पड्यो जुघूमि १७
असतहिं मान्यो सत्यकरि, यो प्रपंच की रेख ।
निजउरमं निज हस्ततें, लिखिलीन्हीं हठिएख १८
मलिन रेख परदा भई, प्रभुको लखत न जीव ।
तातें नाना योनि भ्रमि, पावत दुःख अतीव १९
ऐसी भ्रम तम रेखकों, सतगुरु देत मिटाय ।
होसिशिष्यदृढ़ बिशद मति, निरसैवैसतभाय २०
नित्य महल रस भेदके, भेदी भाव उदार ।
ऐसे सतगुरु खोजिये, उरधरि सरसबिचार २१
ऐसे सतगुरु कपट तजि, सेवे शिष्य सुजान ।
तनमनधन अर्पैसविधि, रहै न निजतनभान २२
सविधि सुखद सद शिष्यकी, सेवा सरस निहारि ।
उर प्रकटै रघुबंशमणि, देत पदारथ चारि २३
नित्यानित्य स्वरूपके, गुप्त प्रगट जे भेद ।
तवक्रमते प्रकटैं सकल, मिटै रेख भव खेद २४
अरु बाढ़ै अतिप्रीति शुचि, निज स्वरूपकीचाह ।
पर स्वरूप आनंदनिधि, सेवा सुधाप्रबाह २५
तब सतगुरु प्रभु शिष्यपर, कृपाकरत ततकाल ।
दै परेश सम्बन्धरस, क्षणमें करत निहाल २६

जो चाहे सम्बन्ध रस, पर स्वरूप निजरूप।
प्रथम संप्रदा रीति गहु, बहिरन्तर अनुरूप २७
शुभाचार देहिक सविधि, आतम करमपुनीत।
सुरति सुखमनासरस करि. प्रकटैरहसविनीत २८
प्राणायाम विविक्त श्रुति, कीजिय बीजबिचार।
अर्थसहित नित पर मिलन, तबप्रगटैसुखसार २९
वैधी विधि रागाऽनुगा पराऽनुरक्ति विधान।
क्रम ते होत उदोत उर, विस्तृत परा प्रधान ३०
परा सुपरम स्वतन्त्रहै, उर उपजावत चाह।
दै अनन्यगतिकी सुमति, टेक एक निजनाह ३१
तब परेश सम्बन्धकी, रति उपजै रस रूप।
बढ़ै सु उर अवकाश लहि, पराऽनुरक्तिअनूप ३२
बहुविधि पराऽनुरक्तिके, भेद अनूप अनन्त।
प्रभुकी परा समृद्धितेहि, वेद वदै किमि अंत ३३
ज्यों ज्यों पराऽनुरक्तिके, भेद खुलैं समुदाय।
त्यों त्यों प्रभु संबंधकी, रति सनेह सरसाय ३४
सब भेदनकी मूल दृढ़, सेवा त्रिविधि प्रकार।
सतगुरु प्रभु परिकर साविधि, सेवे परमउदार ३५
इनकी सेवासे खुलैं, सकल भेद अनुकूल।
यथा वृक्ष गति देखिये, संप्राति करगत मूल ३६
सदासङ्ग इनके रहै, सब सुख तजिमतिधीर।

यथा भाव सेवै सविधि, मुदित उदार गँभीर ३७
बिनुआज्ञा नहिं जाय कहुँ, निज इच्छा अनुकूल।
सेवै श्री सतगुरुचरण, देवराज सुखमूल ३८
श्रीसद्गुरु अपमानकों, मानै मान अनूप।
ऐसे शिष्य सुजानकी, बढ़ै प्रीति अनुरूप ३९
ज्यों कुलाल घटको गढ़ै, अन्तर करुणारीति।
त्यों सद्गुरुनिजशिष्यकों, अपमानैकरिप्रीति४०
ज्योंज्योंश्रीसद्गुरु करैं, सरस शिष्यअपमान।
त्यों त्यों तेज सुशिष्यमें, बाढ़ै सुमतिप्रमान ४१
होइ न सुबश स्वतन्त्र शिष, करै न अणु अपराध।
सेवै नित अनुतापयुत, लहै सुरहस अगाध ४२
षटरहस्य अनुरक्तिकी, बाढ़ै विहित विवेक।
उठत उमङ्ग प्रमोद उर, सुमति भावकी टेक ४३
उत्कण्ठा अनुताप नति, कार बिरामुत्साह।
शुचि उदार षटरहस ये, परखत प्रभुमनचाह४४
ये रहस्य प्रभुकी कृपा, आकर्षै सुखमूल।
जो अधिकारी एकरस, रहै सदाअनुकूल ४५
मर्म भेद अनुरक्तिके, अनुदिन करै बिचार।
अमद सकलमत त्यागिमत, अद्वैतादिबिकार४६
कुमति कौल मत दुष्टजे, असद बिजाती कोय।
तजैसुबुधकरिग्लानिप्रिय.निजकुटुंबकिनहोय४७

स्नान पान नहिं कीजिये, कबहुँ बिजाती संग ।
पंक्ति दोष तिनसे लगै, होय भजन ब्रतभंग ४८ ।
ऐसे यत्न अनेक हैं, इनकी गति उरधारि ।
तब सेवै अनुरक्ति पद, निज सिद्धान्तविचारि ४९ ।
बढ़ै लगन निज भावकी, इमिप्रयत्न उपचार ।
पर परेश सम्बन्धरस, कब मिलिहैं सुखसार ५० ।
निज स्वरूपके रङ्गभरि, पर परेश के संग ।
कब चलिहौं आनन्दयुत, भरिउर सरस उमंग ५१ ।
इमि अधिकारीके हृदय, बाढ़ै प्रीति अपार ।
क्षण २ बीतैं कल्पसम प्रभु सम्बन्ध बिचार ५२ ।
देखि सुजन अनुरागप्रभु, द्रवै तासु रुचिजानि ।
वत्सलसख्य शृंगारनत, देत भाव निजमानि ५३ ।
प्रभु प्रेरित सद्गुरु हृदय, उमगी कृपा अनूप ।
देउँसविधिशुचिशिष्यतोहिं, परसम्बंधस्वरूप ५४ ।
करो प्रथम उत्सव सरस, तद्गुणगान प्रधान ।
नृत्य पवित्रसुयंत्रबहु, सुरगति ताल बिधान ५५ ।
वेदी विधिवत् कल्पिये, मंगल द्रव्य अनेक ।
उपबर्हण शय्या सुखद, वसन एकते एक ५६ ।
भूषण सबिधि सुदेशसब, युत परिकरप्रभुकाज ।
हाटक नग मुक्तानके, सजे सुपानिप साज ५७ ।
हाटक घट द्वादश बिशद, पल्लव दीपविशाल ।

पट उपहित पहिराइये ,सुमनसुगन्धितमाल ५८
फल अनेक मेवा विविधि, सुमन सुसौरभ जाल ।
सघृत दीप बहु जालिका, तोरणवृन्दरसाल ५९
चित्रित लंकृत यूप शुभ, कदली भवसुखसार ।
रचो वितान प्रधान कल, चित्र अनेक प्रकार ६०
अद्भुत अरुण अबीर अरु, रोचन केशरि राग ।
इनते चित्रित कीजिये, वेदी युत अनुराग ६१
स्वर्ण रत्न रजतादि के, पात्र अनेक प्रकार ।
विविधि खिलौना केलिविधि,कंदुकादिसुखसार ६२
नानाविधि आसन सुखद, रचो अनेक प्रकार ।
बैठे तिनपर मुदित मन, रघुकुल राजकुमार ६३
स्वर्णसूत्रसम वायुपट, ध्वज पताक सुखरासि ।
बांधो हाटक दंड रचि, शुचिसुगन्ध वरवासि ६४
हाटक नग मुक्तन जटित, सिंहासन अनुकूल ।
चमरछत्र छदविजनबहु, स्वर्णदंडसुखमूल ६५॥
षटरस व्यंजन भांतिबहु, भरि भरि थार अनेक ।
सौरभ मिश्रितक्षीर दधि, समधिहव्यसविवेक ६६
औरो मंगल द्रव्यबहु, प्रीति समेत सुजान ।
सकल सजाओ सारवित, वहिरन्तर सविधान ६७
यथाशक्ति वितते करो, तथा भावना रीति ।
यह उत्सव आनन्दयुत, उरभरि प्रीतिसुरीति ६८

यह निदेश सुनि शिष्यबर, परमानन्द समेत ।
उत्सबसौं जसम्हारिस निरखि सुबिधि सुखलेत ६९
तब सतगुरु निजशिष्यको, पर परेश सम्बन्ध ।
देत भये हर्षित हृदय, रस रतिभाव प्रबन्ध ७०
सनमाने परिकर सबिधि, राघवीय अनुरागि ।
सात्वकीयशुचिद्विजनको, दियेदान सुखपागि ७१
श्रीसतगुरु ते पाइकै, पर परेश सम्बन्ध ।
बाढ़ी रति अद्भुत अकथ, सरस प्रमोद प्रबन्ध ७२

श्रीमत्सद्गुरुर्जयतितमाम् ।

श्रीसाकेतनिकुंज

अनन्तश्रीसीतारामभद्र

केलिकादंबिनीग्रंथप्रारम्भः ।

दो०—श्रीसतगुरुवरबचनरवि, रबिकुलप्रभुश्रीराम ।
जयश्रीजानकिजानिजय, मिथिलाअवधललाम १
नाम रूप लीला ललित, गुन समूह रस संच ।
शान्त दास्य शृंगारवर, वत्सलसख्य सुपंच २
आश्रित अधिकृत पारषद, कुलउद्भव प्रभुसंग ।
सखा सुहृद प्रिय नर्मनव, रँगे युगल रसरंग ३
गौणमुख्य इनमें बिबिधि, भेदभाव रस ज्ञात ।
पै श्री रघुबर मिलनहित, सबहि वसीलाख्यात ४
परतम परमपरेश पर, श्री साकेत पुरेश ।
श्री सीता श्री राम बिबि, रूप अशेष रसेश ५
नैमित्तिक अरुनित्यरस, केलि अखण्डअनन्त ।
रमत नित्य रघुबंशमणि, दक्ष मैथिलीकन्त ६
सख्या षोड़शशंख श्रुति, योजनकहतप्रमान ।
श्री साकेत निकेत बर, अगमअगोचर जान ७
तीनि आवरण तीनिपुर, परिषा पंच तमारि ।

मध्य सुखद साकेतपुर, चहुंदिशिगोपुरचारि ८
प्रथम आवरण एकपुर, जो प्रसिद्धगोलोक ।
तदुपरि शान्तानक कहत, तदुपरिअवधअशोक ९
तीनि आवरण मध्यमय, ताते त्रैपुर नाम ।
परमरम्य साकेत के, चहुंदिशिलसतललाम १०
द्वै परिषा हैं प्रथम पुनि, क्रमते तीनि प्रमान ।
चिन्तामणिचन्द्रार्कमणि, निर्मितभूमिविधान ११
मध्य मध्य मङ्गल मयी, पुरट प्रभूत अनूप ।
महलपंक्तिमरकतखचित, मनहुलसतनभभूप १२
त्रिगुण तीत ये तीन पुर, तिनके मध्य ललाम ।
कामद श्री साकेतपुर, मिथिलाअवधसुनाम १३
श्रीसाकेतांतर अमित, महल महारस रूप ।
युगलललनलीलाललित, केलिस्थलअनुरूप १४
पुनि सहस्र द्वादश विशद, महानिकुञ्जविनोद ।
सब महलनमें मुख्यतम, जहँरसरहतप्रमोद १५
नित्य एकरस लाल दोउ, बिहरत भरे उमङ्ग ।
नवलनेह प्रियपरस्पर, बाढ़त नितनवरङ्ग १६
सो०-लालनकीसुखमूल, कुँवरिकिशोरीलाड़िले ।
ललीसर्बसुखमूल, श्रीरघुकुलमणिलाड़िली १७
दो०-कुँवरकुँवरिदोउकेलिकल, बिहरतअवधकिशोर ।
करकञ्जनकंदूक लसत, युगलललनचितचोर १८

चोपभरे चौपड़चतुर, जनक लली रघुलाल ।
केलिकुतूहलरसभरे, चहुंदिशिनिरखहिंबाल १९
गञ्जीफा शतरञ्ज प्रति, बाजी बदि बदि लाल ।
हार जीत निजभक्त प्रभु, देतलेत सुखजाल २०
कबहुँकि सरयूसरि निरखि, मंदस्मितदोउलाल ।
चलिये २ बदत प्रभु, हरषि चढ़े सुखपाल २१
सुखद चारुशीला स्वबश, सर्वेश्वरी सुजान ।
दंपतिरुचिलखिललकि उर, दीन्हीरजाप्रमान २२
सो सुनि डङ्कापर्वते, अर्वत हने निशान ।
खर्बन विश्वा बसुतिया, नटनलगींकरिगान २३
नाक नटी अरु नर्तकी, अमित विदूषक बाम ।
चोपदार सीमंतिनी, सङ्ग चलींअभिराम २४
वंशी बीन मृदङ्ग रव, देश देशके यन्त्र ।
बजन लगे धुनि संकुलित, मनहु वेद वर मंत्र २५
रोशनचौकी चौघड़ा, जलतुरङ्ग बहुरङ्ग ।
सजिसजिगजसावकनपर, बजनलगेइकसङ्ग २६
देव यक्ष गन्धर्ब नर, नाग नागरी वृन्द ।
सौभागिनितिनकी सुता, मनहु शिषाश्रुतिछंद २७
सो०-सकलमौज करधार, भरीं परस्पर नेहनव ।
शुभ गुन रूपउदार, ललीलाल सँगसाजिचलीं २८
दो०-ललीलाल रघुबंशमणि, जेहिसुखपालबिराज ।

चलींसङ्गमिलिरङ्गभरि, चहुँदिशिसबिधिसमाज ॥
स्वेत सुमन कलिकानके, तत्वत्रिविधिमनिसींव ।
शीतलमंदसुगन्धशुचि, नित्यानंद अतीव ३०
तिन तत्वनके चमरबर, दुहुँदिशिप्रभाप्रसारि ।
चन्द्रचन्द्रिकाचमक चकि, रहतनबनतनिहारि ३१
श्वेत छत्र मङ्गलमयी, घन घुमरण्ड नवरङ्ग ।
दुहुँदिशिअलीअलोलचित, करगहिचलतउमङ्ग ॥
झालरि जाल सुहावने, मणि मुक्ता बहुरङ्ग ।
छत्रनके चहुँओर कल, कहकबि भौमप्रसङ्ग ३३
सो०-षोड़श रबि समतूल, छत्र लड़ैती लालके ।
झुकिझुकिझालरिकूल, मिलितमंजुउज्वललसनि
दो०-विविधिब्यजनबहुरङ्गके, नागरिकरनउदोत ।
लघुदीरघशोभितसबिधि, धौंशशिसबितागोत ३५
चन्द्रमुखीरबिकिरनिमुख, दुहुँदिशिध्वजकचनार
पृथकपृथकदोउदलनके, अमितराजउपचार ३६
हाटक मुक्तामंजुमणि, खचित दंडकर धारि ।
दुहुँदिशिसखी नकीबनव, बोलहिंबिरदप्रचारि ३७
कुन्दनमणि कल्पितसजीं, फुलवारी चहुँओर ।
कल्पवृक्षलतिकाकलित, कलिकाकुमुदमरोर ३८
माणिक मंडित पुरट घट, दीपावली बिनोद ।
चहुँदिशिमङ्गलद्रब्यसजि, अलीचलींभरिमोद ३९

देशदेशकी भामिनी गजगामिनी सुदेश।
सद्विद्यालंकृतलसहि, दम्पित जान प्रदेश ४०
उपवर्हण गादी सुखद, हीरक मणिमय साथ।
चौकी चित्रविचित्रवर, किमि कहिबरनौंगाथ ४१
कुरसी सहजासन विविधि, हाटक जटितकितान।
चलीं किंकरी करनगहि, सज्जितसुरँगवितान४२
पुरुष स्त्री गत चिन्ह गज, अश्वादिक बहुसङ्ग।
चतुर अली तिनपर लसहिं,रँगीसख्यरसरङ्ग४३
अमित वरार्ध परार्धविधि, युत्थयुत्थ सुखमूल।
अश्वगामिनी नागरी, चलीं ललनदोउकूल४४
अस्त्रशस्त्र असिचर्मशुचि, सुरुचिभक्तिकरधारि।
अनीव्यूह रचिविविधिविधि,चलिरसवीरप्रचारि॥
अमितअनी अध्वातटन, दुहुँदिशि पंक्तिविधान।
रत्तणहित गज अश्वचढ़ि, ठाढ़ीसखीमहान४६॥
आगे पदचर नागरी, गुन आगरी अनीक।
तिनपीछे अश्वावली, तिनपीछे गजलीक ॥४७॥
या प्रकार नौरँग अनी, भूषण बसन अलोल।
कौस्तुभ कंठाग्रीवलर, अंगद कटकअमोल ४८॥
श्रीनिमिकुलमणिलाड़िली,श्रीरघुकुलमणिलाल।
युगुलललनपरिकरअमित, किमिबरणौंछविमाल
श्रीकामदेंदुमणि कुँवरवर, श्रीरघुबर हितकाज।

युगललनसँगनितरहतशोभितसुहृदसमाज ॥
ललीलाल मुद देनहित, खग अनेक बहुजाति ।
पालितसखी पढ़ावहीं, बोलहिं नानाभांति ॥५१॥
बोलहिं द्विज शिचकनकसे, शुकपिक हंसचकोर ।
जैमिथिलापतिलाड़िली, जैश्रीअवधकिशोर ५२॥
प्राणनाथ रघुबंशमणि, युगललन चितचोर ।
वारैं लखि सुखपालमें, रबिशशि अमितकरोर ५३
प्रभुराजत सुखपाल में, छैल छबीले लाल ।
अस्तुतिकरैं नकीब कबि, सूतपुराणिकबाल ॥५४॥
अमित अस्तवक फूल फल, मेवा सुमन सुवस्तु ।
डालिन भरि २ संगमें, चलीं सुखद शुभरस्तु ॥५५॥
जेहि सुखपाल बिराजहीं, श्रीरघुकुलमणिलाल ।
शोभाकिमि बरणनकरौं, मनहुँ उदयरबिबाल ५६
अष्ट अष्ट दुहुँदिशि जटित, दंडपरम गम्भीर ।
कलपवृक्ष सम्भूत कल, कुडमल उदितसमीर ५७
जाम्बूनद जालीजटित, कटित कटाव अनीक ।
चुन्नीमानिक इंदुमनि, बिंदु सयुक्त सलीक ॥५८॥
बिच २ मुक्तन की मिलित, लहरी तरल तरंग ।
सबिधि सुदेश प्रदेशनग, नानाबिधि बहुरंग ॥५९॥
अष्ट अष्ट सुखपाल के, दण्डराज सुखचन्द ।
मन्दप्रभा नभचंद है, ये नितप्रभा अमन्द ॥६०॥

प्रभु सुखपाल कृपाल के, अष्ट अष्ट भुजदण्ड।
धनुषबाण तिनपरलसत, अंकितपुरटअखंड६१॥
बलयाङ्गदपहुंची बलित, कलित कुशल कुलधौत।
नूतनबित चिन्मयविसद, अनउपमेयउदौत६२॥
शुभगशिरनशोभितसबिधि, चारुचन्द्रिकाचिन्ह।
तिमिमुद्रिकाउदोतअति, दुहुँदिशिभालनभिन्न॥
कंठीग्रीव अतीवछबि, लसति तुलसिका तेज।
निर्मितयुगुलअनादिअज, सबकहँबिंदासेज ६४॥
सतचितघन आनन्दनिधि, प्रभुसुखपाल सुदंड।
बहुरबिशशि उपमारहित, अद्भुतप्रभाप्रचण्ड६५॥
सो०-शीशनपुरटउसीर, चिंतामणि मरकतखचित
पद्मराग भवनीर, किंजल्कन कलँगीकलित६६।
सजे सबिधिशिरबन्धु, तुर्रालटकनिहलनिहिय।
हीरनजटितसुगंध, ध्यानगम्यपैअगमअति६७

इतिश्रीसाकेताधीश अनन्तश्रीजनकनन्दिनीकान्तकृपालअनंतश्रीरामलाल ज्येष्ठबंधु श्रीमदुत्तरकोशलाधिपराजराजेंद्र भ्राताात्मजश्रीरघुबंशकुमारलाल श्रीकामदेंदुमणिदेवजी सुहृद श्रीराघवेंद्रसखाजीकृत श्रीसाकेतनिकुंज श्री सीतारामकेलिकादम्बिनीग्रंथ श्रीसरयूसरिविहार र्थागमनविनोद बर्णनोनाम प्रथमोमेघः ॥१॥

दो०-अबसुखपालशृंगारकिमि कहौंअवदश्रुतिशेश
बहिरन्तरप्रतिसुछबिफबिकिमिरबिकाविराकेश

बनीबनिककिंजल्कमय, केलिबिबिधिबिधिजाल ।
छत्र्योपरिसुखपालके, बिलुलितप्रभाबिशाल २॥
पद्मराग मानिके बने, बिच बिच बिंदु मगोत ।
जटितजवाहिरपोतनन, चहुँदिशिइंदुउदोत ॥ ३॥
अमितरङ्ग मुक्तानकी, खचित किनारी कोर ।
महराबैं जंत्रित जटित, लखिबिधितजीमरोर४॥
जाली झालरिकर्णिका, चहुँदिश मंगलरूप ।
मिलित सुमुक्तनकीलड़ी, जड़ीबड़ी अनुरूप५॥
मणि निर्मित कुसुमस्तवक, पद्मराग रसराज ।
हरितपीततोरणबिबिधिचहुँदिशिललितसमाज
स्वर्णतंत्व मणितंत्वमैं, पाट परमरमनीय ।
परदाअतिझीने सुखद, कसे कांतिकमनीय॥७॥
सो०-मध्यमधुर पर्यङ्क, कुसुमसारसंचितसजी ।
पूरणप्रभा मयङ्क, लखिअतिमतिशारदलजी ८॥
कोर कोर पचरङ्ग, सुमन सबिधि सुरतरु लसे ।
कलिकनकुमुद सुढंग, मृदुमाधुरी उदोअति९॥
दो०अतिरमनीयरसेशकर, रचितकलितकमनीय
सेजसुमनसुखपालकीत्रिभुवनछबिदमनीय१०
उपवर्हण उन्नतलसहिं, युग्मसुपृष्ठ प्रदेश ।
सखीस्वरूप बनायबिधि, जनु मुद्रित राकेश११॥
मधुर ललित लंबित लसैं, दुहुँदिशितकियाओर ।

दक्षिण बाम ललाम छबि, जनु संपति शिरमौर १२
उप तकिया अति मधुर पुनि, चहुं दीशि प्रभा प्रकाश ।
जनु उरगणा तिय रूप धरि, राजत सहिं चहुं पास १३
अंतर पट चहुं दिशिन तत, शुचि सौरभ सुखरूप ।
चित्रित मणिन विचित्र बर, सज्जित सबिधि अनूप ॥
बनानि सुप्रभु सुखपालकी, मैं किमि कहौं बनाय ।
शेष शारदा विष्णु विधि, कहत न रहत लजाय १५
बाहक प्रभु सुखपालकी, अली अनंत अपार ।
तिन पदरज बंदन करौं, बंदनीय सुखसार १६
जिनकी शुभपद रेणुको, भव विधि विष्णु सुरेश ।
सकुच सहित बंदन करत, अंतापुर न प्रवेश १७
जै सुखपाल प्रबाहनी, अली सुखद सब काल ।
जिनके बश साकेत पति, सदा लड़ैती लाल १८
हे सतचित आनन्द घन, आप सर्व रसरूप ।
निज प्रभु अग्रज जानि मोहिं, कृपा करिय अनुरूप १९
युगल ललन रघुबंशमणि, मेरे प्राण अधार ।
तद्यपि परिकर की कृपा, बिनु न होइ निस्तार २०
जै जै जै सुखपालकी, अधिदेबी सर्बज्ञ ।
गुप्त केलि सिय लालकी, देहु जानि मोहिं अज्ञ २१
अति प्रसन्न गौरांग तन, दण्ड दण्ड प्रति युत्थ ।
यौवन धरि गुन आगरी, चलैं सुचाल अस्वत्थ २२

समयसमय स्वरराग युत, युगुलनाम रघुचन्द ।
जै श्रीरघुबंशेश्वरी, बदति चलीं सुखकन्द २३
यान प्रवाहक अलिनके, सुनिसुनि स्वरसङ्केत ।
वाद्य प्रवादक सखीगण, तिमिथम्भनगतिलेत२४
कबहुँकि लखिरघुलालछबि, यान प्रवाहकबाल ।
प्रेमविवश नहिं अङ्गसुधि, नृत्य करहिंदैताल २५
अब इनके शृङ्गार मित, कहि रसरीति प्रमान ।
बिनु सतगुरु कर प्राति प्रभु, शरन न लेत सुमान२६
स्वर्णसूत्र सम्पादिका, साटी विविधि प्रकार ।
कोरन जड़ी जवाहिरी, छोरन मुक्ताधार २७
चामीकर रसभीनकी, बिचबिच लहर सुदेश ।
हरित अरुणसूक्ष्म विशद, कहं द्युतिचंद्रप्रदेश२८
उन्नत अंशन भुजनपर, कलित कंचुकी तेज ।
निजनिजरुचि रङ्गन रँगीं, रसशृँगार रँगरेज २९
बने कंचुकिनमें विविधि, स्वर्णसूत्र नय पान ।
किसलय बूटे बेलि बल, कल अवरेब कितान३०
को कहिसके जड़ाव बहु, सूक्ष्म गौरव नाहिं ।
जड़ित कंचुकी जाल युत, सबकेअङ्गसोहाहिं ३१
लहँगा लोहित बरणबर, चुनन अलौकिक घेर ।
सबके अङ्ग प्रदेश निधि, मणिन गोखुरू फेर ३२
सो०--तेहिनीचे युग रेख, स्वर्ण तेजमयएकरस ।

पुनिबिबिलहरिअशेष, मध्यमध्यमाणिकजटित॥
अंगुल अष्ट प्रमान, पाट पुरट मणियोगअति।
लहँगन चहुंदिशि जान,लसतमनहुकबिभौमभलि
जहँलगि अद्भुत तेज, है चितशक्तिस्वरूपसब।
जानि नपुंसक भेद, पुं स्त्री गत चिन्ह सब ३५
दो०—ताते प्रभु परिकर विषे, है उपमाके योग।
भोक्ता श्रीरघुकुलतिलक,सकल वस्तु जगभोग३६
औरहु नानाजातिके, गोटा गोट सुरङ्ग।
चित्रितलहँगनमेंललित,जानु सुभामिनिअङ्ग ३७
तरु ऊपर कोरन लगी, नवरँग मुक्तनधार।
छबिसमुद्र लहँगा लसहि, तिय अङ्गनसुखसार ३८
जड़ित जवाहिर जगमगत, छड़े कड़ेके सङ्ग।
पायजेब पगपान पुट, चुटकी चित्रित रङ्ग ३९
अनवट बिछिया काकली,शुक पिक हंसन बाल।
जनुकिलकतकलकंठलखि, बहुपरिकरासियलाल
चुनिन जड़ित जञ्जीरपग, काकुनिकनिकप्रसङ्ग।
अँगुरिन ऊपरपटलरी,चहुँदिशि युग्मउमङ्ग ४१
जड़ित जवाहिर तासुपर, पद्मराग कृत फूल।
अतिसुंदर सूक्ष्म विशद,मध्य सुपगसमतूल ४२
सो०मध्यललितपगपान, चहुँदिशि जालीमणिनमय
मुक्ता ललितललाम, बिच२ कलिकाकामधुक॥

दो०-जेहरि नूपुर मालती, तोड़ा जटित जँजीर ।
जान नागरिनके पगन, लसतसुखद गम्भीर ४४

सो०-प्रभु परिकरकीबात, अगमअगोचरजानिये ।
पग भूषण बहुब्रात, किमिबरणौंएहिकप्रगट ४५

दो०-कनककरधनिनकीलरी, क्षुद्रघंटिकालीक ।
करिकिंकिणिमणिजालयुत, जनुद्विजबालअनीक

कटिप्रदेश मुक्तन जटित, पट पुनीत पचरङ्ग ।
स्वगत मेखलामोदघन, लहँगामिलितप्रसङ्ग ४७

नख पुट पर्वप्रदेशिनी, छल्ला मुँदरी भीन ।
हस्तजाल अरु आरसी, मिलितघूँघुरूभीन ४८

कङ्कन पहुँची माधवी, मङ्गलमुखी मरोर ।
नवलनागरी नील मणि, जटितजवाहिरकोर ४९

बकुल जाल अरु बङ्गली, कर कठुलारसरासि ।
कलाजालकलिकावली, अष्टवलयअलिभासि ५०

अग्र पछेला कटकबर, चूड़ी विविध सुदेश ।
यान नागरिनके लसत, सौभागिनी रसेश ५१

भुजदंडनअङ्गदलसत, पूरित प्रभा प्रकाश ।
बाजूबंद सुनीलमणि, कञ्चन जटितसुभास ५२

ग्रीव ललित चम्पाकली, चन्द्रहार मणिहार ।
तोड़ा गुंज गँभीर जव, जड़ित जवाहिरदार ५३

हेकल हसुली दाड़िमी, कंठ पोत पचरंग ।

दुलड़ी तिलड़ी पचलड़ी, कठुला रङ्ग प्रसङ्ग ५४
गुलूबन्द कण्ठाकलित, पुरट प्रणीत हुमेल।
मुक्ताजाल मरोरमा, चोखूटिका समेल ५५
बहुविधि यन्त्र बिशालमणि, जटितलालभवनीर।
सबकेउर शोभितबिबिधि, बखशे सियरघुबीर॥
ढार दामिनी झूमका, कर्णफूल रसरूप।
चामीकर बनिजन मिलित, वाले परमअनूप ५७
कर्ण किरनि कचजाल प्रिय, हाटक तंत्वप्रयोग।
पद्मरागललितादिमनि, निर्मितकुसुम सँयोग ५८
प्रभुप्रसन्न हित चिन्हजे, प्रथम कहे समुभाय।
युगुल नामअङ्कितलसत, सबके अङ्ग सुभाय ५९
ललित चंद्रिका चिन्हकरि, चिन्हित सबकेभाल।
दुहूँदिशि मुद्रित मुद्रिका, युगुलनामसियलाल ६०
श्रीसाकेत पुरेश कर, धनुर्बान सुखरूप।
भुजदंडन सबके लसत, अङ्कित परमअनूप ६१
कंठीग्रीव प्रसन्न द्विति, मनि तुलसिका सुदेश।
परिकर पंच बिरञ्चि भव, जेहि ध्यावतश्रीकेश ६२
जे परमेश परेश पर, युगुल मन्त्र तद्रूप।
महाशंभुपर विष्णु बिधि, सबके सत्यस्वरूप ६३
तिलकश्वेत श्रीयुत सुखद, प्रातिनिधिप्रभुपदजानि।
श्रीसीतापति प्रभुशरण, परिकर नामप्रमानि ६४

संस्कार ये पंचपर, प्रभु सन्निधी सुभान।
परिकर विष्णु बिरंचि भव, इन बिनु काहु न मान ६५
संस्कार ये पंचपर, जिनके चाह अतीव।
ते पावें साकेतपद, प्राकृत जीवकि सीव ६६
ये सतगुरु उपदेशबिनु, बिनु सेवा नर मूढ़।
संस्कार धारैं यदपि, प्रभुपद लहैं न मूढ़ ६७
मित सङ्केत जनाय यह, पुनि बरणौं सोइ केलि।
प्रभुसुखपाल सहेलिका, सजीं स्वरूप नवेलि ६८
प्रतिदण्डन बिकसित चलीं, अलीसततसुखपाल।
उचरत जै रघुलाल प्रभु, जै निमिललीकृपाल ६९
अग्रभाग सुखपालमें, दुहुँदिशि परमकृपाल।
प्रथित चारुशीला प्रमुख, चारुशीलमनिलाल ७०
मधुर बिजन तांबूल कृत, बीरी बिबिधिप्रकार।
लिये परस्पर दोउ करन, अमितराज उपचार ७१
सो०चारु शीलमनिलाल, आज्ञासबशिरपरधरी।
हनुमत बपुख बिशाल, चारु शिला यूथेश्वरी ७२
दो०—युगल ललन सुखपालमें, मध्या बरण अनूप।
अष्टकोन अद्भुत अकथ, तेहि मधि रघुकुलभूप ७३
युगुल सभासनसे कछुक, नीचे मिलित निवास।
तहां चारुशीला सुथिति, चारुशीलमनिभास ७४
यहि बिधि चले सुखेन साजि, अवधलालदोउभूप।

बजे निशान बिजेंद्ररव, श्रुति प्रतोपरसरूप ७५
रघुबंशिनके कुँवरबर, सजि २ सबिधि स्वसेन ।
प्रभु हित करन जोहारमग, दुहु दिशिखड़े सुखेन ॥
कछु समीप सुखपाललखि, आतुरअधिकसभीत ।
पाणिअग्रकरि भुकितबपु, बिह्वलबिनयबिनीत ७७
सो०-जै २ परम कृपाल, श्रीमदरघुबंशेश्वरी ।
जै रघुकुल मणिलाल, युगुलरूपआनंदघन ७८
दो०-बारबार अस्तुति प्रथुति, करत जोहारिसुबाद ।
प्रभुदिशि निरखि नक़ीबगण, उचरतशुभअनुबाद
अटन झरोखनमें लगीं, नवल बधुनकी भीर ।
जयति युगुलरघुबीरकहि, निरखहिंसुधिनशरीर ॥
सो०-यहिबिधि श्रीरघुनाथ, जात चले मगमोदप्रद ।
सबकहँ करतसनाथ, पुष्पवृष्टि नभसंकुलित ८१
बहुबिधि ब्योमबिमान, सजि २ सबसुरनागरी ।
बरषहिं पुष्प महान, अति सूक्ष्मसौरभबिशद ८२
चलेजात मग युगुलप्रभु, नाना कौतुक होत ।
महल२ प्रति आरती, अस्तुतिभोग सँजोत ८३
इन्द्राणी बरनागरी, अन्य बाम तिय साथ ।
रचि समाज अध्वा बिषे, मग जोहत रघुनाथ ८४
क्षीरसागरी विष्णुते, भो बामन अवतार ।
बामन अंगुलकी तिया, तिनको ललित उदार ८५

अतिवक्ता सर्वज्ञ पुनि, श्रीसियबर पर प्रीति ।
ललित मधुर लीला रसिक, परानन्य पथरीति ८६
युगुलकेलिकादम्बिनी, श्री साकेत निकुञ्ज ।
कथा सुथल बांचत सुनै, बैठीं सुरतियपुञ्ज ८७
इंद्र तिया बामन बधू, प्रभु नीराजन हेत ।
इज्ज सौंज प्रथमहिं रचैं, सौरभ सुछबिनिकेत ८८
सो०-हाटकमणिमयपुंज, चौकी योजन षोड़शी ।
प्रभु पूजनहित संजु, तदुपर रची महानछबि ८९
दो०-तापीछे चौकी द्वितिय, ता पर कथाप्रकाश ।
सुर सुन्दरी सप्रेम अति, सुनैं छोड़िसबआश ९०
परमरसिक बामनबधू, प्रभु हित साजियुगथार ।
श्रीफल शुचि उपवीत दल, मङ्गल द्रब्य अपार ९१
यहिबिधि सब सुर नागरीं, इन्द्रबधू सिरदार ।
निज२कर सौंजनलिये, नजरि भेंट उपचार ९२
नाक बधुन बहुबिधिरची, युगललखनहितकेलि ।
सजिसुदेश लाई सकल, त्रिभुवनबस्तुनवेलि ९३
कोटिन किश्ती मधुर फल, डाली हस्त अनेक ।
मेवा मनि मुक्तन सजीं, सुर नवलन सविवेक ९४
सो०-प्रभु बिरमावन हेत, कथा सबिधिसुरनागरी ।
सुनहिं सप्रेम सचेत, श्रीसाकेत पुरेशगुन ९५
दो०-सबअवतारनकी त्रिया, आईं महलसुसङ्ग ।

अतिहर्षित प्रभु गमन सुनि, सरयू भवनप्रसंग ९६
ब्रह्मोद्भव अवतार जो, हंसनाम बिख्यात।
तिनकी पत्नी प्रेमनिधि, प्रभु सेवा सज्ञात ९७
श्रीसीतापति युगलप्रभु, ध्यावति उर अतिनेह।
एकांतिक उज्वल रहस, मिथिलाअवधस्वगेह ९८
बामन भामिनिके निकट, सन्मुख अध्वा तीर।
श्रीमद्रामायन कथा, कहन लगीं मतिधीर ९९
श्रोता सावित्री सुतिय, बैठी लसहिं अनेक।
मणिमयपुरटअगार थल, सुनहिंकथासविवेक॥
प्रभु आगमन बिचारि उर, बहुबिधिसौंजसवांर।
हंस बधू हर्षित सन्निधि, सकल धरीं सजिद्वार॥
पूजा सम्पति [illegible]शी, नजर भेट बहुभांति।
सावित्री युत सकल तिय, करगहि उर न अंबाति॥
निकट २ अध्वा विषे, दोहुदिशि कथा सुखेन।
सब अवतारनकी तिया कहहिं सुनहिंवरबैन॥
श्रीसीतापति पद रसिक, सब अवतार सबाम।
उज्वल सख्य उमंग उर, मुख उचरतिसियराम॥
कच्छप और न्रसिंह तिय, सन्मुख मारग तीर।
श्रवण कथन श्रोतन सहित, कथा सुसिय रघुबीर॥
मत्स्य बधूटी कृष्णतिय, धन्वन्तरि बलि बाम।
परशु धरन मनिकी तिया, सब अवतारनभाम॥

आई श्रीसाकेत पुर, निज २ युत्थ सँवारि ।
प्रभु दर्शन उत्सुक सबै, गावहिं बिरदप्रचारि ॥
जिनकी जहां निवासते, तहां रहीं मनमार ।
चहुँदिशिपरिकरसंकुलित, किमिकहिसकविस्तार ॥

इति श्रीसाकेताधीश श्रीमज्जनकनन्दिनीकान्तकृपाल अनंत श्रीरामलाल ज्येष्ठ बंधु श्रीमदुत्तरकोशलाधिपराजराजेंद्र भ्रातास्मज श्रीरघुवंश कुमारलाल श्रीकामदेंदु मणिदेवजी सुहृद श्रीराघवेंद्र सखाजीकृत श्रीसाकेत निकुंज अनंत श्रीसीताराम केलिकादम्बिनी ग्रंथ श्रीसर सरि विहारार्थगमनविनोदवर्णनोनाम द्वितीयोमेघः ॥ २

चौपाई ॥

सब अवतारनकी तिय सुन्दर । [illegible] परमरसिक प्रभुपदरतिमन्दर ॥
सबकेमस्तक तिलक सुखदवर । [illegible] श्रीरघुवर पदचिन्हशुभगतर ॥
श्री साकेत राज पटरानी । [illegible] परतरतम जानी ॥
तिनके श्रीकर रम्य मुद्रिका । [illegible] मस्तक भूषण भातिचन्द्रिका ॥
श्रीसाकेत राज आयुधदोउ । धनुर्बाण शिरकीट भास सोउ ॥
त्रैभूषणयुत मंत्र प्रकाशित । आयुध युग्ममंत्र सहभासित ॥
सब अंकित प्रभुनाम मनोहर । श्रीयुत सीताराम युगल पर ॥
मुद्रा पंच चिन्ह चिन्हितते । अवतारनतिय अपरव्यक्तिजे ॥
मस्तक कीट चन्द्रिका राजत । दुहुं दिशिमालमुद्रिकाभ्राजत ॥
बाहमूल अंकित आयुध वर । धनुर्बाण रघुकुलमणिप्रभुकर ॥

दो०-मंत्रराज राजेन्द्रवर, श्रीसीता श्रीराम ।
युगलमंत्र विविषट बरण, सबके उर अभिराम ॥ १
तुलसी मनिमय मधुरकल, कंठी ग्रीव प्रदेश ।

श्रीसीतापति नामयुत शोभित बदन सुदेश ॥२॥
गावहिंसो सब युगुल केलिनव । श्रीसाकेत पुरेश मधुर रव ॥
दो०-जिन अवतारनकीतिया, ते सबप्रभुकेसंग ।
तेजपुंज सुखपालके, चहुँदिशि चढ़े तुरंग ३॥
अष्टदशाब्द वयससबकीशुचि । नित्य सख्यरस रतिउमंगरुचि॥
नित्य अपर नैमित्तिक लीला । खेलत संग सप्रेम सुशीला ॥
कहुं अवतार रूप अवतरैं । कहुं रघुवंश कुंवर अनुसरैं ॥
चतुर्विंश अवतार भेद युत । सेवत श्रीसीतापति इतउत ॥
उत साकेत नित्य रसलीला । इत श्रीअवध निमित्तवसीला॥
वत्सल सख्य शृंगारदास्यरति । इन पुरुषारथ रतिसबकीअति॥
श्रीसीतापति प्रभुकीजुमरुचि । सोइसबकरैंप्रीतिपालितशुचि॥
सब अवतारनित्यचितश्रुतिबद । सेवत पर सीतापति प्रभुपद ॥
औरहु कछुक भेद बिलगाई । अवतारनकी रीतिजनाई ॥
इक २ नित्य रूप सब सुन्दर । ते सेवत साकेत पुरन्दर ॥
पुनि नैमित्तिक रूप अपारा । बहु निज लोकनबहुसंसारा ॥
जो साकेत रामसँग सेलै । उज्वल सख्य रूप रसकेलै ॥
राजकुमारकिशोर द्विभुजतन । राघवीयसतचित आनँदघन ॥
उज्वलरसिकसकलइनकीतिय।द्विभुजकिशोरीयुगललनपिय
रूपराशि चितशक्ति सुभायक । नित्यएकरसअमलअमायक ॥
इनहूके नैमित्तिक रूपा । निज २ पतिन संग अनुरूपा॥
राधिकादि सर्वज्ञ सुन्दरी । श्रीसीतापति भक्ति कन्दरी ॥
बद्धजीव जो यह रस पावे । तनमन धन करिसतगुरुध्यावे॥

लौकिक विधिसब नातत्यागे । तब निज दिव्यरूपअनुरागे ॥
विधिनिषेध बहुकर्म्म न भर्मै । तीरथ ब्रत तप योग न सर्मै ॥
है अनन्य सीतापति पदरति । सोपि पाव यहिपरिकरमें गति ॥
नित्यरूप जे कुंवर छबीले । अनुगत प्रभुसुखपालरसीले ॥
जे प्रभु संग कुँवर वर प्यारे । आविर्भाव भेद नहिं न्यारे ॥
उज्वल वत्सल दास्य शांतवर । जिमिकर्णिकाकमलदललघुवर ॥
पूरब परन सरोज संगधर । तिमिउद्धवप्रभुसंगसबपरिकर ॥
चढ़ि २ अश्व गजन रसभीने । चहुंदिशिप्रभुसुखपालनवीने ॥
बहु अनीक आनन्द प्रबाहक । रची सुखन सेन्य सुखचाहक ॥
अस्त्र शस्त्र शृंगार सुहावन । किमिवरणैं सबप्रभुमनभावन ॥
कंठी तिलक कीट धनुशायक । सबके अंगन चिन्ह अमायक ॥
द्वादशयहस्रसंख्य रघुकुलभव । राजकुमार संग सबके नव ॥
षोड़शसहअसंख्यसंख्या तिन । सखी अंगजा ललीअंगगिन ॥
द्वादशअयुत वेदश्रुतिप्रभुसँग । अगुनसगुनवदबिरदछंदअँग ॥
गज अश्वादि सवार पयादे । गने न जाहिं असंख्यप्रभादे ॥
चलेजात प्रभु यहिविधिराजत । दुहुंदिशिसुखदनकीबप्रचादत ॥
करन दंड कंचन मणि मंडित । बदनि नकीब शेषसम पंडित ॥
श्रीरघुवंशकुमार कोटिशत । दुहुदिशिखड़े सुखदमारगगत ॥
सुनिनकीबधुनियंत्रअवाजन । आयप्रभुहिंकरनअभिवादन ॥
विविधि राज कौशेय अलंकृत । परा भक्ति आसव उन्नतिधृत ॥
नभमें चहुँदिशि सौरभ छाये । सबके गृह वर बजत बधाये ॥
चलेलाल सुखपाल बिराजे । वजे निशान नकीबगराजे ॥
सुनि नकीबरवउत्कर्षितधुनि । उठीं सहर्ष समीप स्वप्रभुगुनि ॥

अति समीप सुखपाल निहारी। बर्षहिं कुसुम जाहिं बलिहारी॥
जयतियुगुलरघुकुलमनिनायक। जय सर्वज्ञ सुखद सब लायक॥
जय रघुनाथ अनाथनकी गति। सबके मित्र सुसेब्यप्राणपति॥

दो०–बहुबिधिबिनयविवेकयुत, प्रभुहिंसमर्पिसप्रेम।
पूजन नीराजन सुमन, वन्दन विधि युगनेम॥

यहिप्रकारप्रभुदोउरघुकुलमनि। जातसुखेनबिबिधिमंगलधुनि
चढ़ीं अटारिन रघुकुलनागरि। वर्षहिं कुसुम दामगुनआगरि॥
करहिं आरती दम्पति वारहिं। जय सीतापतिसुमुखउचारहिं॥
बामन बाम हर्षि भइ ठाढ़ी। युग करजोरि प्रेमरस बाढ़ी॥
दूरहिं ते प्रभु लखि सुखरूपा। पूंछी यह तिय कौन अनूपा॥
सर्वेश्वरी चारुशीला तब। दोउकर जोरि बिनयकीन्हींसब॥
प्रभु सर्वज्ञजानसबकी गति। तदपिसाबिधिजिनकीतवपदरति।
बामन शुचिप्रभुसखा मनोहर। यहतिनतियाभक्तिभाजनवर॥
जिमिबामन अंगुलपतिसुन्दर। तिमि पत्नी अनुरूपरूपधर॥
मैं जानौं यहि कर रस भेवा। करत निरन्तर प्रभुपदसेवा॥
यहिको नाम जानि निजदासी। कीजय कृपा सर्व सुखरासी॥
याको प्रथम कृतारथ कीजे। फेरि अपर भक्तनसुख दीजे॥
सुनि वर बिनय प्रेम रससानी। मनक्रमवचनभक्त निजजानी॥
तब पूंछी प्रभु निज पटरानी। तेहिकरिकृपा आपाकिमिमानी॥
तब साकेत राज राजेश्वरि। हर्षि कहैं बचनामृतसुखभरि॥
प्राणनाथ यह मम किंकरी। तवपद प्रीति ललित रसभरी॥
जिमि यह रहस सम्प्रदापूरी। तिमि सब अवतारनतियभूरी॥
कच्छप मत्स्य नृसिंहहंसतिय। सब उज्वल रस मग्ननित्यहिय॥

सबको सविधि नाथ सुखदीजै । सबकी इज्यसमर्पित लीजै ॥
कृपा सहितसुनि श्रीमुखबानी । परमप्रसन्न प्रिया निजजानी ॥
सुनि सहहर्ष लाल तब बोले । आप कथित वर बचनअमोले॥
जाको आपजानि निजमाने । ताको हम निज सुयशबखानै ॥
जो नहिं प्रिया आपपदसेवी । सो ममकृपा पावनहिं देवी ॥
आप नाम बिनु नाम हमारा । जपै सो जाय महेशअगारा ॥
आप विगत मम नाम घनेरो । यदपि जपै प्रियसोपि न मेरो॥

दो०—आपरहितमम नाम जपि, तेनर शिवपुरजाहिं ।
युगल मंत्र उपदेशिभव, फिरि पठवैं भवमाहिं ॥

फिरिसतगुरुमुख युगुलमंत्र वर । हर्ष सहित जब लेहिं बिदुषनर॥
तन मन धन करिसतगुरुपूजा । करैं सप्रीति देव तजिदूजा ॥
छिन२ सतगुरु चरण निहारैं । जग नाते शिर भार उतारैं ॥
गुरु माता गुरु पिताबन्धुगुरु । गुरुरघुबीर समुझि सेवैंनर ॥
युगुल मंत्र दाता प्रभुसतगुरु । मनुज न जानौतिन्हैंभूलिनर॥
रौरव नर्क कोटि जन्मनलगि । भाड़ौदुखगुरुमनुजमानिआगि॥
सतगुरु सन्मुख अपर बड़ाई । करै न यदपिईश सम भाई ॥
कर जोरे बिनु सतगुरु सन्मुख । कहै न बैनअदब तजिमनमुख॥
सतगुरु सन्मुख बाद प्रचारै । ते नर दंडलहैं यम द्वारै ॥
कोटिजन्म लगि श्वानशरीरा । पावै मरै अंग कृमिपीरा ॥
जब सतगुरु सेवा मन लागा । तब जानौ संसृति दुखभागा ॥
असतशिष्यसंसार निरतरति । हरि गुरुबिमुखतरनकीयहगति॥
तन धन गुरु सेवा नहिं भावै । मन सेवाकरिध्यान लगावै ॥
सहअतिकृपाभक्ति पदबाधक । याहित्यागे प्रभु रदरातिसाधक ॥

जो गुरु सन्मुख मिथ्या बोलै । त्रिजग योनि बहु जन्म निडोलै ॥
गुरुतजि भजन करै निजघरमैं । सो नर अज्ञ सन्धि शठ भरमैं ॥
जो गुरु धान्य चोराइ खाय कोइ । बहुत जन्म नर्क नं खसह मोइ ॥
जो गुरु वस्तु चोराइ छिपावे । कोटि जन्म शूकर तन पावे ॥
सब सुधर्म तजि सतगुरु सेवा । करै सप्रीति रीति रस भेवा ॥
गुरु ब्रह्मा गुरु विष्णु बखानै । गुरु शिव परब्रह्म श्रुति मानै ॥
ईशोद्भव अवतार जहांलगि । रहे सकल सतगुरु सेवापगि ॥
प्रभुसे अधिक जानि सतगुरु पद । सेवै छांडि जगत सम्भव हद ॥
युगुल मंत्ररस धुनि प्रगटावे । तब मम धाम आइ सुख पावे ॥
श्रीमिथिलेश नन्दिनी देवी । आप नाम बिनु जो मम सेवी ॥
ताको निज अपराधी जानौं । प्रणति प्रपत्ति तासु नहिं मानौं ॥
आप नाम युत जो मम नामा । जपत ईश पावै परधामा ॥
प्रथम करै प्रिय रौरी सेवा । तब मम सेवन पाव अछेवा ॥
जाको आप तनक आदर किय । ताको हम आपन सर्वसु दिय ॥
आप पवावै तब मैं पाऊं । आप बिना नहिं ग्रास उठाऊं ॥
प्रथम आपको आतम समर्पण । करि पाछे हमको रस अर्पण ॥
आपरूप ममरूप अभेदा । श्रुतिवद विरद अतर्क अखेदा ॥
तदपि युगुल सेवा मन लावे । तब माधुर्य महल सुख पावे ॥
परमधन्य वर बामन बामा । आपकृपा पालित अभिरामा ॥
आज्ञा होय इज्य तेहिं लीजे । सर्वप्रकार ताहि सुख दीजे ॥
हंस वंश सम्पति सर्वेश्वरि । बोली सहित सनेह कृपा करि ॥
प्रभु यहि के घर चलि सुख दीजै । जो यह अर्पै सो सब लीजे ॥
छोटे कर पद बधू बामनी । छोटे कद हद प्रीति पावनी ॥

पूज्य नाथ पूजकबामनतिय । लखि हँसिहैंपरिकरानि जशहिय ।
अतिछोटी करपुट सुअंगुली । विविधिसौंज समात नकुली ॥
सापि नाथ पूजन अनुसरिहैं । प्रभु उर अधिकहास्यरस भरिहैं ॥
मन्दस्मित रघुकुल मनिप्यारे । चलिये प्रिया बचन अनुसारे ॥

दो०-प्रभुअनुशासनसुखदसुनि,बाजेबिबिधिनिशान ।
कुसुम वृष्टि मङ्गलमयी, जय जय शब्दमहान ॥

प्रभु समेत सुख यान सुहाये । बामन भामिनि सन्मुखआये ॥

दो०-जयति युगुल रघुबंशमनि,सुनिनकोबधुनिकान ।
साजिकर कलश उपेंद्रतिय, खड़ीनसुधितनप्रान ॥

तथा सकलस इन्द नागरिवर । तदपित्र तुगनिजकलशभूमिधर ॥
अति आतुर उपेंद्रतियकरते । लीनउतारि कलशनि जढरते ॥
श्रीफल मंगल द्रव्य थारवर । दियउपेन्द्रतिय करनिजकरधर ॥
पुनि आरती परम सुखकारी । सुनाशीर तियकरन बिचारी ॥
इतनेमें उपेंद्र नागरि नव । प्रेम समाधि सचेत भई तव ॥
आगे प्रभुहिं देखि सकुचानी । करिघूंघुटपट अधिकलजानी ॥
अद्भुत रस उद्भवक नागरी । घूंघुटलटकानि लटक आगरी ॥
बारबार कह शत मख भामा । घूंघट खोलिलखिय अभिरामा ॥
तदपि सकुचवश खोलति नाहीं । प्रभुपद दरश चाह मनमाहीं ॥
तब साकेत राज महरानी । मंदस्मितअतिसुखदसुबानी ॥
बामन बधू सबिधि सुख लीजे । महाराज पूजन मन दीजे ॥
तुम सब बिधि किंकिरी हमारी । पुनि ममप्राण नाथ सुखकारी ॥
सुनिनिजस्वामिनिश्रीसुखबानी । बामनबधू अधिकसकुचानी ॥
करि घूंघट पट दूरि भामिनी । गहे युगुलपद सुरति गामिनी ॥

श्रीफलमंगलद्रव्यथारयुग । प्रति प्रति प्रभुहिंसमर्पिसुमतिभुग ॥
पुनिपूजन प्रकाररसरूपा । नजरभेट सतकार अनूपा ॥
सुनासीरगेहनी अदितितिय । करनलगीं पूजन सहर्षहिय ॥
प्रथम अर्घद्वादश सुखकारी । दुहुँदिशि कलशदीपअनुसारी ॥
पुनिश्रीपदशुचिपाथप्रक्षालन । पुनिपादुकाअर्पिसियलालन ॥
लैपट शुभ्र अंगौछिसुखदपद । ऋतु अनुकूलअर्पिसौरभमद ॥
चारिआचमन नीरपरमशुचि । प्रभुहिंसमर्पितयथाकालरुचि ॥
काश्मीरिकाचारु चन्दनद्रव । बहुसौरभ कर्पूर कुसुमनव ॥
मिश्रितमधुर प्रसन्न नीरकल । प्रभुहिंअर्पि स्नानशुभगथल ॥
सौरभमिलित शुभ्रपट सौंक्षा । युगुललललनहितअंगअँगौछा ॥
कोमल ललितपीत प्रियगोती । परमरम्य दोउप्रभुहितधोती ॥
सुमनासवसम्पादिकतम्प्रति । कामदप्रियकौशेय बिबिधिगति ॥
हाटक तत्व अनेक प्रकारन । लगेसबिधिसूक्ष्ममृदु धारन ॥
छबि श्रृंगार रूपपटधारे । सजिसुखेन दोउराजदुलारे ॥
मुक्तनकी छहरनिछोरनमें । मनिमयकनी कलितकोरनमें ॥
पुनिसुगन्ध पुटपट उपचारी । यथाकाल दम्पति रुचिकारी ॥
अलंकार आनन्द प्रभूनक । मणिमुक्तामानिककलधूतक ॥
क्रीटचन्द्रिकादिक सुखरासी । बहुतप्रकार बिचित्रबिभासी ॥
अलंकार नानाप्रकारनव । प्रभुहिसमर्पि रत्नहाटकभव ॥
पुनिअर्पेहाटक मनिमन्दिर । प्रभुरुचिसरस शुभासनसुन्दर ॥
सरसदान हाटक थारनभर । अर्पिसत्रछांह निरखिदम्पतिबर ॥
मनिमुक्तामानिक रत्नाकर । अन्नराशि उपवीत पुरटधर ॥
रबिराकेश पुरटमनि निर्मित । अम्बर उडगन सरससरिपर्बत ॥

रजत स्वर्णमय पात्रअपारा । लघुदीरघ समदान प्रकारा ॥
विविधिवस्त्रकौशेयकितानिक । अलंकारबहुअगमनिआनिक ॥
सय्यासबिधि सुखासननाना । अश्वनागपट हर्मिबिताना ॥
छत्रचमरबिजनादि बिशाला । बहुपक्कवान समृद्धिरसाला ॥
विविधिदान साकेत राजप्रभु । सम्पति युतदम्पतिदीन्हेंविभु ॥
जयति २ रघुबंश उज्यारे । जै निमिराज ललीप्रिय प्यारे ॥
मंगलद्रव्य अनेक प्रकारा । इष्टभोग को गिनैअपारा ॥
चहुँदिशिप्रभुकेसौंज अनेका । लोकालोक सुबस्तु प्रतेका ॥
छत्रयुगुल दुहुँदिशि सुखसरसैं । युगुलचौंर दंपति छबिपरसैं ॥
द्वैद्वै बिजन दोऊदिशिरूरे । बिविधिभाति सम्पातिसुखपूरे ॥
खड़े अमित चहुंओर नवीने । चोबदार करदंड प्रवीने ॥
सुखनकीब भीरकोबिदवर । उचरहिंजय रघुवंशप्रभाकर ॥
जय रघुबंशईश सर्बेश्वरि । प्रणतपाल शुभदृष्टिकृपाभरि ॥
बिरदप्रबीन सूतबन्दीजन । हैं सबसख्यरूप नागरिगन ॥
वृष्णिगर्भ तिय इंद्रनागरी । यहछबि लखिभंई रूपबावरी ॥
रहीनकछुसुधिपूजक पनकी । तनमनधन अर्चनसौजनकी ॥
निरखियुगुलछबिआनंदभरहीं । बिह्वलसुखहि निछावरिकरहीं ॥
धरिउरधीर स्वसमय निहारी । करनलगीं पूजन सुकुमारी ॥
शुचिसअग्निसौरभसुखकारी । बिगतधूम्रप्रियसबिधिसम्हारी ॥
धूपअर्पि पुनिदीप सुहावन । दुहुँदिशियुगुलललनमनभावन
राई लोनचहूंदिशि नागरि । लगीं उतारन रूपउजागरि ॥
मंत्र शास्त्र सम्पन्न चतुरतिय । तंत्रकार श्रुतिसारजानहिय ॥
ठाढ़ी चहुँदिशि पुभुहिं निहारैं । युगुलललनलखितननवारैं ॥

जरीजाल कौशेय कुसुमजटि । चहुँदिशिपरदापरे भूमिसटि ॥
कोटिचन्द्र निन्दक सिंहासन । तेहिपरसविधिसुदेशशुभासन ॥
प्रियसौरभ सम्पन्न अनूपा । उपवर्हण दम्पति अनुरूपा ॥
पद्मराग मनिमंजु प्रभाधर । चौकीचारु युग्महाटक तर ॥
चहुँदिशिमनिमुक्तनकीझालरि। लगींसुदेश कुसुमसंचितलर ॥
कछु उन्नत सिंहासनते प्रिय । चौकीकिधौं समस्तराजाश्रिय ॥
हरित मनिनमय हाटक थारा । कलित कटोराचषक अपारा ॥
षटरस भोजन सुधा सुधारे । बहु मेवापकवान अपारे ॥
सूपशास्त्रसम्यकअद्भुतरस । वरणिनजायविविधिभोजनजस ॥
श्रीरघुबंश महा मनिप्यारे । निमिनन्दिनीनियुतराजदुलारे ॥
भक्तनअर्पित भोग सुहावन । जेंवतयुगुललल्लनमनभावन ॥
मिलितयन्त्रबहुप्रियस्वरगारी । देहिंसप्रेम अमित सुकुमारी ॥
सर्वेश्वरी चारुशीलान्युत । चारुशीलमनिपरऽऽनुरक्तियुत ॥
दुहुँदिशिविजनशुभ्रपटकरगहि। सेवतप्रभुहिविनीतबचनकहि॥
चहुँदिशिसुमन सरोजसम्हारे । कलिकाकलितअनेकप्रकारे ॥
मंगल द्रव्य अशेष अपारा । पूरब कथित प्रसंग प्रकारा ॥
हार अनेक सुमन पचरंगी । बैजन्ती वनमाल प्रसंगी ॥
पुष्पमाल श्रृंखला सुहावन । अलंकारकुसुमनछबिछावन ॥
चामीकर चौकिनपर सज्जित । हाटकथारनिरखिकविलज्जित॥
प्रथमहिप्रिय परियंक सम्हारी । विविधिबिछौनासुमननिवारी ॥
सेज सुखद पय फेन लजावन । अतिकोमलदम्पतिमनभावन ॥
परिमलरुचिर सेज सुखकारी । उपवरहण सौरभितसम्हारी ॥

दो०—नानासौरभसम्मिलित, शीतलरुचिरसुवास ।

हाटकझारिनमेंमधुर, श्रीसरयूजलभास ८॥

पंचग्रास करि रघुकुल नायक । ललीसहितभोजनसुखदायक ॥
करिप्रसन्न भोजन सुखरासी । बामनतियहिंजानिनिजदासी ॥
तुरितउठे दोउ थार अनन्दित । परमप्रसादविष्णुविधिबंदित ॥
पुनिचामीकर चारुचिलमची । निजकरचौकिनधारिसमसची ॥
युगललल्लन आगे मनहारी । शोभितदोउचितचन्द्रउज्यारी ॥
मृदुमनितत्वअधिककोपलतर । खरिकाप्रभुहिअर्पिदम्पतिकर ॥
बामनतियअरु शची परस्पर । लैझारीदोहुदिशिनिज २ कर ॥
प्राणनाथ दम्पति रुख जानी । देत आचमन अम्बुसयानी ॥
कुसुमतत्वपट शुभ्रसुहावन । मुखअँगौछिदोउप्रभुमनभावन ॥
सौरभ सम्पादित पटसुन्दर । युगलललनप्रभुपदसुपोंछिकर ॥
बसु २ खास खवासिन प्यारी । युगल ललनकी रूप उज्यारी ॥
शुभगा शान्ता श्यामा गोरी । सौरभमुखी इन्दिरा सेरी ॥
चन्द्रप्रभा पद्माबसु नागरि । ये रघुलालखवासि उजागरि ॥

दो०--भद्रा विशदाकोमला, कीरतिप्रभासुसंग ।
मुकुन्ददाअरुमाधवी, विरजाशुभदाअंग ९ ॥
कौशलेन्द्रसर्वेश्वरी, कांतियुगलइकरूप ।
तदपिखवासिनिमुख्यवसु, सियकिंकिरीअनूप १० ॥

बीरी बिबिधिसुगंधसुदेशिनि । सुखदाललितअनूपप्रदेशिनि ॥
आरोगीं प्रभुनिज २ करकरि । सबकेउर प्रमोद मंगल भरि ॥
पारिजात कुसुमोद्भव आसव । दम्पतिप्रभुहिंसमर्पिसुरभिनव ॥
पुनियुग नवचौकीकंचनकृत । मनिनखचितबिबिपुरटथारधृत ॥

पुनिदोउ थारन में रस रूपा। रचित सुअष्टावरण अनूपा॥
कोटि चन्द्रसम कांति बिराजी। तिन दोउथारनआरतिसाजी॥
प्रथम आबरणदोउ थालनमय। कुमुदकिरणकंचनजातनमय॥
चित्र २ कलकुसुमन कीक्यारी। मधुरललित मंगलमयप्यारी॥
सप्तआबरण मणिमुक्तन के। तेजस्वरूपकहहि कोतिनके॥
मध्य २ बेदिका मनोरम। कौस्तुभचिंतामनिप्रभूतसम॥
अष्टकोन उन्नत उमंगभर। दोउथारन बेदिका रम्यतर॥
द्वै द्वै पद्माकार पात्रवर। हरितमनिनमय शोभित तिनपर॥
अकथ अनूपम थार वेदिका। चारिपात्रजनु वेद भेदिका॥
ताते पद्मरूप श्रुतिचारी। इहां गुप्तरस रसिक बिचारी॥
त्रिविध सुगन्धमिलतमंजुलवर। अमित रंग कर्पूर रागधर॥
युग्म २ ज्वलज्योति प्रभाकर। लघुउपमाशतकोटिदिवाकर॥

दो॰ दोउमिलिइन्द्रउपेन्द्रातिय, रघुकुलमण्डनलाल
दम्पतिप्रभुकीआरती, करनलगींशुभमाल ११॥

प्रथम मधुर झारी दोउकरलै। द्वादशअर्घ दिये मंगलमै॥
भीजे हरित गुलाब बारिके। झीनेपट सादर विचारिके॥
लम्बे चौड़े इक उमान के। छः २ हस्तक दोउ प्रमानके॥
द्वै द्वै अली लियेकरठाढ़ीं। दम्पतिदुहुँदिशिआनँदबाढ़ीं॥

दो॰—प्रभुसिंहासनसोंमिलित, अग्रसुबस्त्रप्रमान।
दुहुँदिशिलियठाढीं अली, शीतलपटउपधान॥
आगे के छोरनमिलित तहँआरतीउदोत।
गुप्तभेदलहिआरती, करैंरसिकमिलिगोत १२॥

गुप्तभेदकछुहैनहीं, प्रथमहिदियोजनाय ।
गुप्तभेदकछुहैनहीं, करैंआरतीआय ॥१४॥
अतिसमीपप्रभुकेनहीं, करैंआरतीआय ॥१४॥
प्रथम आरती द्वादश कीनी । युगल मंत्र प्रभु रँग रस भीनी ॥
दो०--चारिआरती कीजिये, चरण सरोज निहार ।
पुनिदुहुंदिशिकरिअंगलखि,दुइआरतीउतारि१५
श्रीमुख प्रभाअपार छबि, को बरणै रसरूप ।
युगलललनप्रभुआरती, द्वै द्वै करिय अनूप१६॥
श्रीसाकेताधीश प्रभु, दम्पति प्राण अधार ।
सप्त २ प्रभु आरती, सजि रसरीति सुधार॥१७॥
यहिबिधि इन्द्र उपेन्द्र तिय, करिआरती अनंद ।
पुनिदैअर्घअलोलचित,निरखहिंप्रभुसुखकंद१८
प्रथक २ दोउ प्रभुनहित, नजर भेट उपचार ।
मणिसमूहभूषणाबिबिधि, मंगल द्रब्य अपार१९
इन्द्र उपेन्द्र नागरिन दोउकर । पुष्पांजुलि लीनी युतपरिकर ॥
अस्तुति करनलगी रसरूपा । दोउमिलि प्रीतिप्रणीतिअनूपा॥
जयतियुगल रघुकुल मणिसुंदर। जय दम्पति अनूप गुणमंदिर ॥
जय सर्बज्ञ श्याम सुंदर नव । बन्दनीय पदकंज विष्णुभव ॥
श्रीसीतापद पद्म अनन्दित । उमारमा सशक्ति श्रुतिवंदित॥
वास्तव एकरूप प्रभु धारक । युगुलरूपकृत भक्त उधारक ॥
आदिअनादि अचिन्त्य अभेदा। धामादिक अतर्क गुणवेदा॥
सुरन सुखद अवतार नियन्ता ।जयमिथिलेशलली प्रियकंता॥
दम्पति प्रभु हम सब उरगामी । रहिये नित्य निरंतरस्वामी ॥

परम प्रकाशराशि अजजेते । महाशम्भु पर विष्णु समेते ॥
सबके गति सबके प्रभु पालक।परमस्वतंत्रस्ववश सबकालक॥
लघु किंकरी नाथ हम दोऊ । इन्द्र उपेन्द्रदास प्रभ सोऊ ॥
यदपि युगल सेवा अज्ञानी । तदपिदीनप्रिय विरद स्वजानी॥
ताते ढीठ भई हम बोलैं । अति समीप निज प्रभुकेडोलैं॥
क्षमिय नाथ अपराध हमारे । त्राहि २ रघुकुल मणि प्यारे ॥
उमारमा पालन सुखकारी । जय रघुबंश लाल सुकुमारी ॥
जयति युगुल पदपद्म प्रभाकर ।हमसबलहेछोड़ि श्रम तमडर ॥
सर्बशक्ति पर तरतम स्वामिनि ।हमसबश्रीपदरजअनुगामिनि॥

दो०–अब श्रीपद सेवासुरति, परानुरक्ति रसरूप ।
हमसबकोप्रभुदीजये,दो उरघुकुलमणिभूप२०
पुष्पांजुली प्रवर्षिदोउ, करिदंडवत अधीर ।
नैननीरपुलकितपरम,लखिद्वविसुधिनशरीर॥

प्रभु निजभक्त परमप्रिय जानी। बचन सुकहे हर्षि सुखदानी ॥
जानहुममस्वभावदोउभामिनि।मोहिभक्तप्रियजिमिशशियामिनि।
जो निजभक्त दुखी हम देखें । उर संकोच अधिकतर लेखें ॥
तबतक मोहिं नहिं कछु सुहावे।जबतक भक्त न ममपुर आवे ॥
रहे जहांतहँ सुर दुर्लभ सुख।देहुंसबिधिलखिनिजभक्तनरुख
प्रिय अनन्य जाके न औरगति ।सबभरोसतजितहिममगतिरति।
परम अनन्य मोहिं प्रिय सोई । यक्षनाग नर सुरवर कोई ॥
सब अवतारन सम मोहि जानै।अन्यदेव गतिमति रति मानै॥
सो जन मोहिं भावै नहिं कबहूं। महाविष्णु सदृशहु ह्वै तबहूं ॥
तुम अनन्य सबविधि ममदासी। सुनासीर बामन उपमासी ॥

परम अभीष्ट तुम्हैं वर सोई। सदा बसहु ममपुर प्रियदोई॥
उज्वल रस रमणीय भक्तिनुम। बसहु सदा उर रूपयुगुलमम॥
सो०-निजअभीष्टवरपाय,जयतिररघुकुलतिलक
युगललालनगुणगाय,अतिहर्षितदोउनागरी॥

इतिश्रीसाकेताधीश श्रीमज्जनकनन्दिनीकांतकृपालअनंत श्रीरामलाल ज्येष्ठ बंधु श्रीमदुत्तरकोशलाधिपराजराजेंद्र भ्रातात्मज श्रीरघुवंश कुमारलाल श्रीकामदेंदु मणिदेवजी सुहृद श्रीराघवेंद्र सखाजांकृत श्रीसाकेत निकुंज अनंत श्रीसीतारामभद्रकेलिकादम्बिनी ग्रंथ श्रीसरयू सरि विहारार्थागमनविनोदवर्णनोनाम तृतीयोमेघः॥३॥

जब प्रभुसंध्यादिशि रुखजानी। दियेअर्घ पामड़े सयानी॥
करहिनछावर मणिगण चीरा। वर्षहिं कुड़मल कुसुम सुधीरा॥
सर्वेश्वरी चारुशीला युत। चारुशील मणि सब सुवनान्युत॥
मंगलरूप प्रभुन के दुहुंदिशि। श्रीहनुमंतलाल युगवपु असि॥
उज्वलरस कदम्ब अधिदेवी। नाम चारुशीला प्रभु सेवी॥
सख्य वलय विश्वेश्वरि जानो। चारुशील मणि नामाभिधानो॥
श्रीहनुमन्त लाल रसरूपा। प्रगट नाम सुखधामअनूपा॥
कृपारूप त्रयलली लालके। सुखसम्पति तिहुँलोक भालके॥
बानररूप प्रकट जग जानै। हेतुबात नहिं भेद पिछानै॥
आदिअन्तआखिर लिखिदीजै। नवासपष्ट अर्थ करिलीजै॥
श्रीरकार प्रभुरूप उजागर। बानरपद प्रसिद्ध अर्थाकर॥
बानरकार उभय पद कीजै। प्रभुरकार कर बान धरीजै॥
बानर अर्थ बान रघुनायक। त्रिगुणातीतिअतर्क अमायक॥
बानर ते अरनव करिलीजै। निज प्रभु गुणसागर मनदीजै॥
बानर शब्द अर्थ बहुलहिये। रसिकअनन्यनसों सुनिपइये॥

आगे श्री हनुमन्त दुलारे। दुहुँदिशिकुमरकुमरिप्रभुप्यारे॥
इहां न बानररूप बिचारो। सतचितघननृपकुमरनिहारो॥
नवकिशोर नृपराज दुलारे। कोटिचन्द्र निन्दकद्युतिवारे॥
तीनरूप त्रयपाद नियन्ता। सबके परमपूज्य हनुमन्ता॥
आगे ह्वै प्रभु सेज निहारी। सैनसौंज निजकरनसम्हारी॥
जब प्रभु सेज निकट पगुधारे। बजे निशान नकीब पुकारे॥
पुनि दम्पति प्रभुसेज पधारे। परदाचहुँदिशिसुखदसम्हारे॥
द्वादश अयुत मंजरी आईं। अन्तरप्रविशि चहूँदिशिछाईं॥
सिरदारिनी समस्तशुभगतन। षोड़शार्द्धवयधृतसत्चित्घन॥
सेवहिं प्रभु दम्पतिपद प्यारे। चहुंदिशिसविधिसौंजकरधारे॥
अमितकोटि मंजरी युत्थवर। तिनमेंषोड़शअधिपमुख्यतर॥
रस मंजरी छत्र सेवा पर। ललित मंजरी चँवरशुभ्रकर॥
गुन मंजरी बिजन करधारी। रतिमंजरी पान रुचिकारी॥
चिकुर चित्रकर मोद मंजरी। रूपमंजरी मुकुर उपकरी॥
अलङ्कार श्रृङ्गार मंजरी। दुतिमंजरी सुबसन संचरी॥
कृपामंजरी बिबिध सौंजपर। पुष्पमंजरी कुसुम सेजकर॥
चित्र प्रभा मंजरी चरण रति। चारुप्रभा मंजरी बिरदनति॥
पद्ममंजरी अँग चन्दनवर। रङ्गमंजरी गान सुनागर॥
कृपामंजरी भोजन नाना। केलिमंजरी यन्त्र विधाना॥
ये षोड़श मंजरी मुख्यवर। युगललननप्रभुकोअतिप्रियतर॥
महानिकुंजनिकुंजनिलैनित। नवलभावनिरखहिंप्रभुनतहित॥
इनसम धन्य औरको कहिये। इनकीकृपा महलसुखलहिये॥
दम्पतिसैननिरखि दोउनागरि। गईंजहांप्रभु भुक्तशेषधरि॥

यूथेश्वरी युत्थपति जेते । सबपरिकरयुतमिलिप्रियतेते ॥
गावतप्रभुगुनगन अतिपावन । उचरतयुगल नाममनभावन ॥
विविधिपंक्तिकरनिज २ आसन । बैठेसब प्रभु भुक्तउपासन ॥
श्री हनुमन्त लाल त्रयरूपा । पूजेसबहिं सविधि अनुरूपा ॥
इन्द्र उपेन्द्र तिया नतिधारे । पूजे श्री हनुमन्त दुलारे ॥
प्रभु सुखपाल यान अधिदेवी । जयतिनित्य दम्पतिउपसेवी ॥
बिबिध विचित्र कदम्बआपके । मनहुंकोष यशप्रभुप्रतापके ॥
यहिप्रकार अस्तुतिकरिप्यारी । इन्द्र उपेन्द्रतिया सुकुमारी ॥
पुनिपूजनकरि बिबिध प्रकारा । लैगइँ प्रमुद प्रसाद अगारा ॥
आसनसबहिंबिबिधबिधिदीन्हे । हाटक थार चषकरसभीने ॥
त्रयमंगल बपु हनुमत प्यारे । प्रथम प्रसाद थार रुचिकारे ॥
मणिन जटित चौकिनपरनीके । धरे थार उपहार अमीके ॥
पुनि सुखपाल नागरिन आगे । धरे थार प्रभु भुक्त सुभागे ॥
प्रभुप्रसाद रुचि अति सुखकरी । परसैं अमित अनूप सुआरी ॥
ललनायान प्रदेशिन जेती । करिनसकैं संख्या श्रुतितेती ॥
तिनमें षोड़श मुख्य प्रधाना । रहैं महल प्रभु प्रेरिक याना ॥

दो०-भद्रसुधा भद्रासना, नीलप्रभा रतिकेश ।
शुचिरूपाश्यामालका, श्रोत्रमुदाशुभदेश १
चित्रवती गतवेगदा, चित्रप्रभा शुभशील ।
मृदुलतिकामंदाकिनी, पद्मप्रभारतिशील २
ये षोड़श मुख्यामहा, इनके संग अपार ।
एक २ की किंकरी, कैक हजार हजार ३

प्रभु प्रसाद लीन्हेउ सब परिकर । उठीं सहस्र युगल प्रभु उरधर ॥
बीरी बिविधि सुगन्ध सुहाई । लिये सबहिं दम्पतिपदछाई ॥
पुनिसबहिंनँश्रृंगार निजकीने । नाना बसन बिचित्र नवीने ॥
अलङ्कार अद्भुत उपमा के । सजे सबहिं चितचोर रमाके ॥
यूथेश्वरी चारुशीला सँग । चारुशील मनि रँगे युगलरँग ॥
श्रीहनुमत रघुवर्य लाड़िले । शशिसवितानिजरूपताड़िले ॥
त्रिधारूप मंगल मय आगे । चलेयुगल प्रभुपद अनुरागे ॥
पाछे सब परिकर सुख राशी । युगलललन रघुवर्य उपासी ॥
नानारंग सुमन स्त्रग लीने । बहुप्रकार कल केलि नवीने ॥
प्रभुनिकुंज चहुंदिशिसुखराशी ।विविधिद्वारगसिमहलप्रकाशी॥
तहँ समस्त परिकर इकठोरी । बैठे अति सशंक चहुँओरी ॥
परिहर बचन उग्र बैननते । प्रकटहिं अर्थ नैन सैनन ते ॥

दो०-बामनतियशत मघबधू, करिशृंगार अनूप ।
एकयामदिन शेषलखि, सहसमाजअनुरूप २

प्रभु दरशन लालसा उमंगन । भरीयुगल पद प्रीति सुरंगन ॥
विविधि यंत्रसुर सुबिधि सँवारी । गानअलापअमितसुखकारी ॥
उत्तरादिशि निकुंज दरवाजे । गावनलगीं यंत्र सुरसाजे ॥
गानयंत्र धुनिरुचि उपजाई ।प्रविशिनिकुंज चहूंदिशिछाई ॥
सो सुनि प्रिय षोड़श सुमंजरी । उठीं सकल दम्पति रँगभरी ॥
चहुंदिशि खड़ीं युगल रुखदेखें । प्रभु उत्थान काल सबलेखें ॥
नैन सरोज संकुचित प्यारे । मंदस्मित दोउ राजदुलारे ॥
लखिप्रियप्राणनाथ निजजागे । युगल परस्पर अति अनुरागे ॥
प्रथमहिं सकलसौंज सुखकारी । लियेकरन चहुंदिशि सुकुमारी॥

चन्द्रप्रभा आदिक अतिप्यारी। युगाचिलमची रुचिर करधारी॥
दुहुँदिशिबिबि सरयूजल झारी। कोटिचंद्र निंदक छबिकारी॥
प्रभुहिंनिवेदि आचमन नागरि। मुखअंगौछिपटसुरभिगुनागरि॥
बिबिधि भोग पकवान सुनीके। षटप्रकार शुभस्वाद अमीके॥
मेवा अमित मधुर रुचिवारी। दधिचिहुरा उपरस हितकारी॥
सुधासुरुचि दम्पति मनभावन। पाक प्रत्येक शास्त्रवितपावन॥
उत्थापन प्रभु भोग विधाना। सबिधिप्रकारनश्रुतिसबजाना॥
थार कटोरा चषक सुहाए। हाटकमणि निर्मित श्रुतिगाये॥
तिनमें सविधि रुचिर सुखदाई। साजिसुगन्धितबिबिधमिठाई॥

दो०-प्रथमहिंसिंहासनसुखद, उत्तरदिशिसुखराखि।
तहँपुनिभोगबिधानप्रिय, साजिसुखेनइमिभाखि ३॥

जयति युगल रघुबंश उज्यारे। प्राणनाथ सर्वज्ञ हमारे॥
चरणसरोज धारि सुखदीजै। जोरुचिभोजनदिशिरुखकीजै॥
विनयनिवेदि युगलरुचिजानी। दिये पांवड़े अर्घ सयानी॥

दो०-प्रभुउत्थापनभोगदिशि, उत्थितलखिनिजनाथ
चमरछत्रगहिबिजनकर, चलींसकलमिलिसाथ ४॥
कुसुमबृष्टिक्षणक्षणकरहिं, भरींप्रीतिरसरङ्ग।
चलींमंजरीललितनव, चहुंदिशिबढ़ीउमङ्ग॥४॥

सिंहासनसमीप प्रभु आये। भये सबिधि सबकेमनभाये॥
निज श्रीपद उत्थित चितदीजै। सिंहासन सनाथप्रभु कीजै॥
इतिबद सुखद नकीब मंजरी। अपरसप्रीति विनयअनुसरी॥
एकहि सिंहासन रघुनन्दन। युगलललनशोभितजगबन्दन॥
पद्मराग मणिजटित सुहाई। प्रियकंचन चौकी युगआई॥

तिनपै सुखद थार रसरासी। सजेसकल अव्यक्तप्रभासी॥

दो०-प्रभुउत्थापनभोगरुचि, लियेग्रासदोउलाल।
यहसुखसम्पातिसरससब, परिकरनिरखिनिहाल ६

नाना यन्त्र सुरनसज्जितनव। गावनलगीं मंजरीकलरव॥
मिथिला अवधसनेह सम्हारी। गारी देहिं मंजरी प्यारी॥

(मञ्जरीबलैनिवेदित निकुंजान्तर्गत गारी)

॥ अथगारी ॥

सुनिये लली लाल रघुनन्दन प्रीति रीति युतगारी जू।
आपश्याम स्वामिन् हमगोरी यहअचरज उरभारी जू॥
जोपै नाथ आपरुचिहोई तो हम भात बिचारी जू।
कछुककाल मिथिलाचलिबसिये ह्वैनागरिसुकुमारी जू॥
श्रीलक्ष्मीनिधि के महलनमें रहिये रूपउज्यारी जू।
मनभावती टहल प्रभु करिये श्रीसिधिके रुचिकारी जू॥
तबप्रभु गौरवरण तनपैहो सियस्वामिन्अनुहारी जू।
हँसि २ कहहिंबात यहसबबिधि सुखदसुखेनबिचारी जू॥
अबबिलम्ब जनिकरियलाड़िले जनकनगरपगधारीजू।
सुनि मुसक्यात परस्परदम्पति कामदेन्द्र बलिहारी जू॥

दो०-सबहिंसुखदआरोगिदोउ, प्रभुउत्थापनभोग।
दियेआचमनमंजरिन, सरयूजलउपयोग॥ ७॥
पानमसालेविबिधिबिधि, सौरभअकथप्रकार।
दम्पतिप्रभुहिंसमर्पिसब, मुदितभईइकबार॥ ८॥

॥ अतिआतुरप्रियमंजरिन, प्रभुपोशाकसम्हारि ।
प्रत्यङ्गनभूषणविबिध, दम्पतिरुचिअनुहारि॥ ९ ॥
जंत्रावालिकौस्तुभकलित, युगलललनप्रभुग्रीव ।
पहिरायेप्रियमंजरिन, छबिअभिरामअतीव १०
राईलोन अनेक बिधि, यंत्र मंत्रउपधान ।
वेदशिषरश्रुतिशृंखला, चहुंदिशितंत्रवितान ११

करिशृंगार निरखि छबिनीके । श्री मिथिलेशललीप्रियपीके ॥
उज्ज्वलमणि आदर्स सुहाये । दम्पति प्रभुसन्मुखयुगआये ॥
बदन प्रभूत प्रभा छबिकारी । श्यामगौरनिजमुकुरनिहारी ॥
पुनिबीटिका मंजरिन दीन्ही । युगलपरस्परकर मुखलीन्ही ॥
मन्दास्मित दोउ लालनप्यारे । छबि शृङ्गार रूप उजियारे ॥
मणिमंडितमुकुन्द सिंहासन । तापरसबिधिसुखदशुभआसन ॥
उपवरहणरबि छबि किमिएका । चहुंदिशिप्रियउपधानअनेका॥
मध्यसुखद रघुकुल मणिप्यारे । त्रिभुवनरूप राशिउजियारे ॥
श्रीमिथिलेशलली सुखरूपा । श्रीरघुकुलमणित्रिभुवनभूपा ॥
दम्पति सबके प्राण अधारा । जीव शंभुबिधिविश्नुअपारा ॥
सबके प्रभु सबके सुखदाता । सबकेवित सबके हितत्राता ॥
